हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 23 जुलाई 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

4
प्रकृति संरक्षण का इको फ्रेंडली बीज राखियां देंगी संदेश, मिट्टी में मिलते ही बनेंगी पौधे



## खबर संक्षेप

### आकाशीय बिजली से बचने बरतें विशेष सावधानी



**जशपुरनगर।** वर्षा ऋतु के दौरान आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में संभावित वृद्धि को देखते हुए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने जिलेवासियों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। नागरिकों से कहा गया है कि मौसम खराब होने, तेज गरज-चमक या बिजली कड़कने की स्थिति में लापरवाही न करें और तुरंत किसी सुरक्षित स्थान पर शरण लें। गरज-चमक के दौरान खुले मैदान, खेत, पहाड़ी क्षेत्र, नदी-तालाब एवं अन्य जलाशयों के आसपास जाने से बचें। साथ ही पेड़ों के नीचे खड़े न हों, क्योंकि आकाशीय बिजली गिरने का खतरा अधिक रहता है। ऐसी स्थिति में किसी पक्के भवन या पूरी तरह बंद वाहन में शरण लेना सुरक्षित उपाय है। मौसम विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी चेतावनियों का पालन करें तथा अत्यंत आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें। यदि कोई व्यक्ति खुले स्थान पर फंस जाए और तत्काल सुरक्षित स्थान तक पहुँचना संभव न हो, तो दोनों पैरों को आपस में मिलाकर नीचे झुक जाएँ, सिर नीचे रखें तथा हाथ घुटनों पर रखें। इस दौरान जमीन पर पूरी तरह न लेटें और अन्य लोगों से उचित दूरी बनाए रखें, ताकि संभावित खतरे को कम किया जा सके।

### कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु 22 से काउंसलिंग

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में सत्र 2026-27 की कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू की जा रही है। विभागीय वेबसाइट पर परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात चयनित छात्र-छात्राओं की सूची एवं काउंसलिंग की तिथि जारी की गई है। जिला प्रशासन के अनुसार काउंसलिंग 22 जुलाई से 5 अगस्त तक प्रयास आवासीय विद्यालय डौडकाचौरा, जशपुर नगर में आयोजित की जाएगी। काउंसलिंग का समय प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। विभाग ने बताया कि काउंसलिंग में उपस्थित होने वाले छात्र-छात्राओं को कक्षा 8वीं की 60 प्रतिशत अंक वाली अंकसूची, प्रधान पाठक का सत्यापन प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज लाना अनिवार्य होगा। विशेष श्रेणी के अभ्यर्थियों को दिव्यांगता, अनाथ, शहीद के आश्रित होने संबंधी प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करने होंगे। चयनित विद्यार्थियों को प्रवेश के 3 दिवस के भीतर जिला शिक्षा अधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित स्थानांतरण प्रमाण पत्र एवं जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी सिकलसेल जांच प्रमाण पत्र जमा करना होगा।

### जिले में 22 जुलाई को 229.7 मिमी औसत वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 1 जून से 22 जुलाई तक 3243.9 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में 10 वर्षों के औसत के आधार पर इस अवधि तक सामान्य वर्षा 3960.7 मिमी होनी चाहिए थी। बीते दिवस जिले में 229.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसीलवार वर्षा इस प्रकार है तहसील जशपुर में 323.4 मिमी, मनोरा में 559.8 मिमी, कुनकुरी में 402.5 मिमी, दुलदुला में 248.4 मिमी, फरसाबहार में 193.9 मिमी, बगीचा में 230.8 मिमी, कांसाबेल में 358.6 मिमी, पत्थलगांव में 302.5 मिमी, सन्ना में 440.1 मिमी एवं बागबहार में 183.9 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में 559.8 मिमी दर्ज की गई है, जो सामान्य से 135.5ः अधिक है। 22 जुलाई को सर्वाधिक वर्षा कांसाबेल तहसील में 61.2 मिमी दर्ज की गई।

## भक्ति, लोक संस्कृति और कृषि परंपरा का अद्भुत संगम

# कादो लेटा पर्व पर उमड़ा पूरा गांव





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- खेतों में धान रोपाई से पहले धरती माता, जल स्रोतों और ग्राम देवताओं की हुई पूजा
- पारंपरिक नृत्य और सामूहिक अनुष्ठान

भक्ति, लोकसंस्कृति और कृषि आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला 'कादो लेटा' पर्व पर उमड़ा पूरा गांव, खेतों में धान रोपाई से पहले धरती माता, जल स्रोतों और ग्राम देवताओं की हुई पूजा, पारंपरिक नृत्य और सामूहिक अनुष्ठान ने जीवंत की सदियों पुरानी विरासत,किसानों ने मांगी अच्छी बारिश और भरपूर फसल की कामना की गई बरसात के मौसम में खेती-किसानी की शुरुआत से पहले जशपुर जिले के ग्रामीण अंचलों में सदियों से चली आ रही ₹कादो लेटा₹ की अनूठी लोक परंपरा मंगलवार को बोडोकछार और रायकेरा पंचायत में पूरे उत्साह ⏭ शेष पेज 4 पर

### कादो लेटा का मुख्य उद्देश्य

ग्रामीणों ने बताया कि कादो लेटा का मुख्य उद्देश्य रोपा खेती की शुरुआत से पहले धरती माता, जल स्रोतों और ग्राम देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त करना है, ताकि पूरे वर्ष अच्छी वर्षा हो, फसल लहलहा, और गांव में सुख-समृद्धि बनी रहे। मान्यता है कि इस पूजा के बाद ही किसान खेतों में धान की रोपाई शुरू करते हैं।

### ग्रामीण संस्कृति की अमूल्य धरोहर

जिले के कई ग्रामीण इलाकों में बरसात के मौसम के साथ मनाया जाने वाला कादो लेटा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि कृषि संस्कृति, प्रकृति संरक्षण और सामाजिक एकता का जीवंत प्रतीक है। इस अवसर पर गांव के लोग एक साथ जुटकर लोकगीत, पारंपरिक नृत्य, सामूहिक पूजा और प्रसाद वितरण के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखते हैं। आधुनिक कृषि तकनीकों के दौर में भी यह परंपरा ग्रामीण समाज की पहचान बनी हुई है। कादो लेटा नई पीढ़ी को अपनी लोक संस्कृति, पूर्वजों की परंपराओं, प्रकृति के प्रति सम्मान और सामूहिक जीवन के मूल्यों से जोड़ने का कार्य कर रही है।

### पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुति

पूजा के बाद पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। महिलाएं और ग्रामीण मांदर, ढोल-नगाड़ों की गूंज पर पारंपरिक लोकगीत गाते हुए झूम उठे। रंग-बिरंगी वेशभूषा में महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे पूरा वातावरण लोक संस्कृति के रंग में रंग गया।

### भरपूर फसल की कामना

बैगा गजेंद्र राम ने सरना महादेव की विशेष पूजा-अर्चना कर गांव की सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा और भरपूर फसल की कामना की। इसके बाद दोनों पंचायतों के ग्रामीण सामूहिक रूप से गांव के सरना स्थल पहुंचे। यहां बैगा गजेंद्र राम ने सरना महादेव की विशेष पूजा-अर्चना कर गांव की सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा और भरपूर फसल की कामना की। परंपरा के अनुसार पूजा स्थल पर मुर्गे की बलि भी दी गई, जिसे ग्रामीण अपने पूर्वजों की आस्था और परंपरा का हिस्सा मानते हैं। पूजा के समापन पर सभी श्रद्धालुओं के बीच खीर का प्रसाद वितरित किया गया।




## थाने से महज 500 मीटर की दूरी पर मोबाइल दुकान में चोरी

**बगीचा।** जिले के बगीचा विकासखंड मुख्यालय मे बस स्टैंड स्थित मोबाइल की दुकान में देर रात ऐसी चोरी हुई जिसने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। हैरानी की बात यह है कि वारदात बगीचा थाने से महज 500 मीटर की दूरी पर हुई, फिर भी चोर बेखौफ होकर दुकान का शटर तोड़ते रहे और लाखों रुपये के मोबाइल समेटकर फरार हो गए।

दुकान संचालक सबा के अनुसार, चोरी में करीब 60 से 70 लाख रुपये के मोबाइल चोरी का अनुमान लगाया जा रहा हैं। जाते-जाते चोर दुकान के अंदर और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ गए, जिससे साफ है कि वे पूरी तैयारी के साथ आए थे।

### व्यापारियों में दिखा आक्रोश

घटना के बाद व्यापारियों में भारी आक्रोश है। उन्होंने पुलिस गश्त बढ़ाने, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है, लेकिन इस वारदात ने कानून-व्यवस्था और पुलिस की सक्रियता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## नीट पेपर लीकः नेताओं की गिरफ्तारी पर जिले में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन

**जशपुरनगर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका वड्रा वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल सहित कांग्रेस सांसदों एवं नेताओं की गिरफ्तारी तथा नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर सोमवार को जशपुर जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जशपुर, कुनकुरी, बगीचा और कांसाबेल में पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।



जशपुर बस स्टैंड में आयोजित प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष यूडी मिंज ने किया, जबकि कुनकुरी में पूर्व विधायक विनय भगत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। बगीचा बस स्टैंड में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया तथा कांसाबेल में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ ⏭ शेष पेज 4 पर

### शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक

**रामानुजगंज।** दुर्घटनाओं एवं आवागमन की समस्या को देखते हुए कलेक्टर ने नपा क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। अब भारी वाहन बायपास मार्ग से अन्तर्राज्यीय बैरियर तक आवागमन करेंगे। शासन द्वारा सुरक्षित आवागमन के लिए बायपास सड़क निर्माण किया गया है इसके बावजूद भारी वाहन पहाड़ी मंदिर चौक, लरंग साय चौक के रास्ते अंतर्राज्यीय बैरियर तक आवागमन कर रहे है। घनी आबादी के बीच से भारी वाहनों के गुजरने के कारण नगरवासियों को आवागमन में परेशानी होती है साथ ही हमेंशा दुर्घटना का भय बना रहता है। क्षेत्रवासियों की लगातार शिकायत एवं जनप्रतिनिधियों की पहल पर कलेक्टर ने भारी वाहनों के नगर के बीच से आवागमन पर रोक लगा दी है।

## जनता का भरोसा ही मेरी सबसे बड़ी ताकतः गोमती

**पत्थलगांव।** स्थानीय विधायक गोमती साय एक बार फिर जनता के बीच सक्रिय नजर आईं। अपने कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में उन्होंने क्षेत्र के लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं, मांगें और सुझाव गंभीरता से सुने। जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों और शहरवासियों ने सड़क, बिजली, पेयजल, राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित कई जनहित के मुद्दे विधायक के समक्ष रखे।

जनता की समस्याएं सुनते ही विधायक गोमती साय ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने दो टूक कहा कि जनहित के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर शिकायत का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए।



जनदर्शन के दौरान विधायक गोमती साय ने कहा कि जनता का विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी और प्रेरणा है। क्षेत्र के हर नागरिक की सेवा, सुविधा और विकास के लिए मैं पूरी निष्ठा से कार्य कर रही हूं। मेरी प्राथमिकता है कि शासन की हर जनकल्याणकारी योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और हर जरूरतमंद को उसका लाभ मिले कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं को सीधे विधायक के समक्ष रखने का अवसर मिलने पर खुशी जताई और समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

## उद्यानिकी विभाग की समीक्षा बैठक

**जशपुरनगर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में 21 जुलाई को जिला पंचायत में उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में उद्यानिकी योजनाओं कें अंतर्गत संचालित कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ उद्यानिकी कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड से जोड़ने एवं प्राकृतिक आपदाओं एवं अन्य जोखिमों से होने वाले संभावित फसल नुकसान से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से अधिक से अधिक कृषकों को फसल बीमा योजना से जोड़ने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में शासन की योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाले फलदार पौधों का रोपण किए जाने हेतु समुचित कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सहायक संचालन उद्यान करण सोनकर सहित उद्यान विभाग के समस्त मैदानी अमले के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राओं को साइकिल वितरित



**जशपुरनगर।** मनोरा कीकाखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरसोता में 21 जुलाई को राज्य शासन की सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा नवमी में अध्ययनरत सभी छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व बीडीसी दिनेश्वर प्रधान तथा विशिष्ट अतिथि सरपंच पद्मावती ओहदार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार राम ने की। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्राओं को साइकिल प्रदान करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, शिक्षा के प्रति समर्पित रहने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना का उद्देश्य छात्राओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करना, विद्यालय तक उनकी पहुंच को सुगम बनाना तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना है।

## डीपाटोली स्कूल के बच्चों को छाते का वितरण



**जशपुरनगर।** कुनकुरी विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय डीपाटोली के प्रधान पाठक लव कुमार गुप्ता की पहल पर मंगलवार को कुनकुरी के समाजसेवी एवं प्रतिष्ठित व्यापारी कठौतिया परिवार ने 26 बच्चों को छाता, बिस्कुट एवं चाकलेट का वितरण किया। नीरज पारिक ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी पढ़ लिख कर विभिन्न विभागों में शासकीय सेवक के रूप में ऊंचे पद प्राप्त कर देश एवं समाज की सेवा करें आगे उन्होंने कहा कि बारिश से बचने हेतु आप सभी प्रतिदिन छतरी लेकर विद्यालय आएं। छतरी पाकर बच्चों ने कहा कि अब हम बारिश से नहीं भीगेंगे और प्रतिदिन विद्यालय आएंगे। प्रधान पाठक ने समाजसेवियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय के विभिन्न गतिविधियों में शामिल होने हेतु आग्रह किया। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक , रसोइया और विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे। प्रधान पाठक ने समाजसेवियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय के विभिन्न गतिविधियों में शामिल होने हेतु आग्रह किया।

## अधिकारी, कर्मचारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# डॉयल 112 की कार्यप्रणाली की रेंज आईजी ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



आधुनिक सुरक्षा नई तकनीक सीसीटीवी कैमरे से लैस आपातकालीन सेवा डॉयल 112 वाहनों के कार्यप्रणाली के साथ-साथ उनके रिस्पांस टाईम संबंधी विषयों की अद्यतन स्थिति के बारे में पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा द्वारा रेंज के सभी नोडल अधिकारियों व डिस्ट्रिक कोऑडिनेशन सेन्टर के कर्मचारी सहित ड्यूटी में तैनात जवान व वाहन चालकों का व्हीसी के माध्यम से जानकारी ली।

आपातकालीन सेवा डॉयल 112 के कार्यप्रणाली की समीक्षा के दौरान रेंज आईजी द्वारा कहा गया कि जब कभी भी आपातकालीन स्थिति में आपको सूचना मिलती है तो अपने रिस्पांस टाईम के महत्वपूर्ण समय की महत्ता देखते हुये निर्धारित स्थान घटना स्थल पर पहुंचकर जन सेवा की भावना से लोगों सहायता प्रदान कराने संबंधी महत्वपूर्ण बिन्दुओं के बारे में जानकारी प्रदाय कराया गया। उन्होनें सभी कर्मचारियों से कहा कि जो भी इस आपातकालीन सेवा वाहन कर्मचारी है विशेषकर ड्यूटी में तैनात कर्मचारी सौपे गये दायित्वों का निर्वहन जन सेवा की भावना के साथ-साथ तत्परता से करे तथा आम नागरिकों के बीच अपनी अच्छी छवि बनावे। वर्तमान समय में आपातकालीन सेवा डॉयल 112 पुलिस की त्वरित कार्यवाही प्रणाली का मुख्य अंग है जिसके कार्य की सार्थक प्रयास से लोगों के बीच परिलक्षित हो रहा है।

### बेहतर परिचालन व रख-रखाव के निर्देश

उन्होंने आपातकालीन सेवा डॉयल 112 वाहन में कार्यरत कर्मचारी, वाहन चालकों से वाहनों के बेहतर परिचालन व रख-रखाव संबंधी विषयों पर उन्होनें ने स्पष्ट निर्देश दिये कि आपातकालीन वाहन डॉयल 112 को व्यक्तिगत किसी निजी कार्य में उपयोग न किया जावे तथा बिना किसी आपातकालीन सूचना के इसका मिसयूज नही होना चाहिये। इसके संबंध में उन्होनें रेंज के समस्त नोडल अधिकारियों की स्पष्ट निर्देश दिए कि आपातकालीन सेवा वाहन डॉयल 112 के ड्यूटी में तैनात कोई भी कर्मचारी नशे का सेवन न करें जिससे की कोई अप्रिय स्थिति निर्मित हो, ऐसे कृत कार्य करने वाले व जनता के बीच अनुशासनहीनता परिलक्षित पाए जाने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

### 248 कर्मचारी जुड़े

आपातकालीन सेवा डॉयल 112 के कार्यप्रणाली समीक्षा के दौरान रेंज के समस्त नोडल अधिकारी व डिस्ट्रिक कोऑडिनेशन सेन्टर (डीसीसी) के कर्मचारी सहित वाहन में तैनात कर्मचारी वाहन चालक लगभग 248 की संख्या में व्हीसी के माध्यम से जुड़े रहें।

## अलग अलग मामले में 37 गौ वंशों व 7 भैंस को तस्करों के चंगुल से कराया मुक्त

**जशपुरनगर।** जशपुर पुलिस ने 21 जुलाई को थाना तपकरा क्षेत्र से 28 नग गौ वंशों को तस्करों से मुक्त कराते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चौकी मनोरा क्षेत्र से भी जशपुर पुलिस ने 9 नग गौ वंश व 7 नग भैंस को तस्करों के चंगुल से छुड़ाया है।

जानकारी के अनुसार 21 जुलाई की प्रातः करीबन 4.30 बजे थाना तपकरा पुलिस को मुखबीर से पुख़्ता सूचना मिली थी कि कुछ व्यक्ति तपकरा घुमरा रोड से लगे सड़वा जंगल के रास्ते भारी मात्रा में गौ वंशों को पैदल हांक कर बेरहमी पूर्वक मारते पीटते हुए झारखंड राज्य की ओर ले जा रहे हैं, जिस पर तपकरा पुलिस के द्वारा मामले के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को



- जशपुर पुलिस ने 7 तस्करो को गिरफ्तार कर भेजा जेल

अवगत कराते हुए तत्काल मुखबिर के बताए स्थान पर जाकर घेराबंदी की गई, मौके पर पुलिस ने देखा कि कुल 7 व्यक्ति गौ वंशों को पैदल हांक कर ले जा रहे हैं, जिस पर पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके से 7 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया, व उनके पास से 28 नग ⏭ शेष पेज 4 पर



# रेखा मेरे करीब बैठतीं और मुझे सहज महसूस कराती थीं : शेखर

**नई दिल्ली।** साल 1984 में आई फिल्म 'उत्सव' से शेखर सुमन ने अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उनके साथ रेखा लीड रोल में थीं। हाल ही में शेखर ने एक बातचीत में बताया कि उस समय रेखा इंडस्ट्री की बड़ी स्टार थीं, लेकिन उन्होंने कभी उन्हें ये एहसास नहीं होने दिया कि वो फिल्मों में नए कलाकार हैं। शेखर ने एक बातचीत के दौरान कहा कि कई बड़े सितारे अपने स्टारडम का असर सेट पर दिखाते हैं, लेकिन रेखा का स्वभाव बिल्कुल अलग था। वह उनके साथ बैठतीं, बातें करतीं और उन्हें सहज महसूस कराती थीं। इसी वजह से कैमरे के सामने काम करना उनके लिए आसान हो गया। एक्टर ने कहा, 'उन्होंने शुरू से ही ऐसा किया।

## लाइफ Style



# साहिबा

## कोई नेशनल न्यूज नहीं है मेरी डेटिंग लाइफ

एक्टर और डिजिटल क्रिएटर साहिबा बाली ने अपनी पर्सनल लाइफ और अर्जुन कपूर के साथ डेटिंग की अफवाहों पर होने वाली कवरेज की आलोचना की है और लोगों से कहा है कि वे ज्यादा जरूरी मुद्दों पर ध्यान दें।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उनका यह बयान लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर हुई एक सभा की फोटो शेयर करने के बाद आया। हाल ही में अपनी पर्सनल लाइफ पर मिल रही अटेंशन पर प्रतिक्रिया देते हुए साहिबा बाली ने कहा कि उनकी डेटिंग लाइफ कोई नेशनल न्यूज नहीं है और मीडिया से अपील की कि वे ऐसी कहानियों पर ध्यान दें जो सच में लोगों का ध्यान खींचने लायक हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'डियर मीडिया, लंदन में मेरी डेटिंग लाइफ/दोस्ती के बारे में अंदाजे लगाना बंद करो, यह कोई नेशनल न्यूज़ नहीं है। अगर दिखाना ही है तो कुछ अच्छा दिखाओ'। साहिबा का यह बयान तब आया है जब अर्जुन कपूर के साथ उनके डेटिंग की अफवाहें तेजी से फैल रही थीं। यह चर्चा तब शुरू हुई जब दोनों को लंदन के मशहूर लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे वनडे मैच के दौरान एक साथ देखा गया, जिससे सोशल मीडिया पर काफी बातें होने लगीं। इस चर्चा पर प्रतिक्रिया देते हुए, साहिबा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अर्जुन के साथ एक तस्वीर शेयर की और एक मजाकिया कैप्शन के साथ इन अफवाहों को खारिज करने की कोशिश की, जिसमें लिखा था, 'हर बात पर यकीन न करें'।

## हॉलीवुड मसाला



# पर्दे पर फिर लौटेगा सुपरहीरो डेडपूल...

**नई दिल्ली।** भारत में मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के बैनर तले बनने वालीं सुपरहीरोज मूवीज का क्रेज काफी देखने को मिलता है। कैप्टन अमेरिका से लेकर स्पाइडर मैन तक तमाम एमसीयू मूवीज ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। इसके अलावा डेडपूल भी मार्वल का वह सुपरहीरो कैरेक्टर है, जिसे इंडिया में काफी पसंद किया जाता है। अब खबर आ रही है कि एमसीयू डेडपूल 4 की तैयारी में लगा हुआ है, जिसका कन्फर्मेशन हॉलीवुड अभिनेता रयान रेनॉल्ड्स की तरफ से आया है।



# अवेंजर्स ... का ट्रेलर रिलीज लौट गए कैप्टन अमेरिका

**लॉस एंजिल्स।** बहुप्रतीक्षित फिल्म 'अवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डॉक्टर डूम से लड़ने के लिए क्रिस हेम्सवर्थ और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स व अन्य जगहों के कई सुपरहीरो वापस आए हैं। पहले ट्रेलर में पिछली मार्वल और एक्स-मेन फिल्मों के कई मशहूर किरदार दिखाई देते हैं। एवेंजर्स सीक्वल के पहले ट्रेलर में एक बड़ी टीम दिखाई गई है। ये लोग दुनिया को बचाने के लिए एकजुट हो रहे हैं। थोर (क्रिस हेम्सवर्थ) असल लीडर की भूमिका निभाते हैं। थोर चेतावनी देता है कि अगर वे अभी एक साथ नहीं खड़े हुए, तो उनकी पिछली कुर्बानियां बेकार चली जाएंगी। वह उनसे अपनी छोटी-मोटी लड़ाइयां भुलाकर लड़ने के लिए कहता है। दो मिनट 26 सेकंड का यह ट्रेलर एक जबरदस्त रीयूनियन के साथ खत्म होता है।



# सलमान की मातृभूमि का नया पोस्टर जारी


**मुंबई।** मेकर्स ने फिल्म 'मातृभूमि' का एक नया पोस्टर साझा किया है। इसी के साथ निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। फिल्म 'मातृभूमि' का एक नया पोस्टर सोशल मीडिया (एक्स) पर शेयर किया गया है। पोस्टर के साथ लिखा गया है- 'एक सैनिक का वादा। एक परिवार की ताकत। एक राष्ट्र का गौरव।' इस पोस्टर के हिसाब से 'मातृभूमि' इसी साल रिलीज होगी। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक रिलीज की पक्की तारीख नहीं बताई है, लेकिन यह तय है कि फिल्म इसी साल पर्दे पर आएगी। इस नए पोस्टर पर ध्यान देने वाली बात यह है कि इसमें निर्देशक का नाम नहीं लिखा है। इस पर सिर्फ सलमान खान फिल्म्स की एक फिल्म लिखा है। मेकर्स ने अभी तक इसकी वजह नहीं बताई है। शुरुआत में इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' रखा गया था।



# मिर्जापुर की शूटिंग हुई असली श्मशान में

**मुंबई।** मिर्जापुर 3 में मुन्ना भैया के अंतिम संस्कार वाला सीन तो याद ही होगा, जिसने सीजन तीन को एक अलग ही खामोशी की गहराई में छिपा दिया था। इस सीन में जान डालने के लिए मेकर्स ने इसे किसी नकली सेट पर नहीं, बल्कि एक असली और चालू श्मशान घाट पर शूट किया था। वेब सीरीज़ के मेकर्स को इस बारे में सख्त हिदायतें दी गई थीं, इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने यह इमोशनल सीन शूट किया। मिर्जापुर 3 के मेकर्स ने बताया कि असली श्मशान घाट में शूटिंग करना किसी चुनौती से कम नहीं था। शूटिंग को लेकर वहां के प्रबंधक ने के कड़े नियमों और मर्यादा का पालन करने के लिए मेकर्स को हिदायत दे रखी थी। साथ ही शूटिंग के लिए क्रू को बेहद कम समय की शूटिंग विंडो दी गई थी।

## टीवी मसाला




# ऑपरेशन सफेद सागर में सब पर भारी पड़े बरुन, दीया दमदार

**नई दिल्ली।** आने वाली स्ट्रीमिंग सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह मिलिट्री ड्रामा कारगिल युद्ध के दौरान इंडियन एयर फोर्स के सबसे मुश्किल ऑपरेशन्स में से एक पर आधारित है। ओनी सेन के निर्देशन और अभिजीत सिंह परमार व कुशल श्रीवास्तव द्वारा बनाई गई यह सीरीज इस ऑपरेशन से जुड़े लोगों पर बेस्ड है। इसमें सिद्धार्थ, जिमी शेरगिल, अभय वर्मा, दीया मिर्जा, प्राजक्ता कोली, आदिल हुसैन, मिहिर आहूजा, तारुक रैना, अर्णव भसीन और अमृता बागची जैसे कलाकार हैं। जिमी शेरगिल विंग कमांडर बी.एस. धनोआ (जिन्हें टोनी के नाम से भी जाना जाता है) का किरदार निभा रहे हैं, जबकि सिद्धार्थ स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा की भूमिका में हैं। ट्रेलर में उन्हें तेजी से बढ़ते संघर्ष के बीच दिखाया गया है, क्योंकि स्क्वाड्रन को कारगिल की पहाड़ियों में भारतीय सेना के ऑपरेशन में मदद करने का काम सौंपा गया है। युवा अधिकारियों में फ्लाइंग ऑफिसर आर.एस. धालीवाल के तौर पर अभय वर्मा, फ्लाइंग ऑफिसर सी.एच. बाल रेड्डी के तौर पर मिहिर आहूजा, फ्लाइट लेफ्टिनेंट जितेंद्र सांगवान के तौर पर तारुक रैना और फ्लाइंग ऑफिसर अमित गुप्ता के तौर पर अर्णव भसीन शामिल हैं। इस सीरीज में ऑपरेशन को सिर्फ एयरक्राफ्ट और लड़ाई-झगड़े के तमाशे के तौर पर नहीं दिखाया गया है, बल्कि यह स्क्वाड्रन के अंदर लिए गए मुश्किल फैसलों पर भी ध्यान देती है। इसमें दिखाया गया है कि पायलट कैसे डर, जिम्मेदारी और इस संभावना का सामना करते हैं कि हर उड़ान उनकी आखिरी उड़ान हो सकती है।

## दूरदर्शन का सबसे लंबा चलने वाला शो

**नई दिल्ली।** दूरदर्शन में रामायण, महाभारत और चित्रहार जैसे कई लोकप्रिय कार्यक्रमों ने दर्शकों का दिल जीता, लेकिन एक शो ऐसा भी है जो इन सबसे पहले शुरू हुआ और आज भी लगातार प्रसारित हो रहा है। इस कार्यक्रम का



नाम 'कृषि दर्शन' है. यह भारतीय टेलीविजन के सबसे लंबे समय तक चलने वाले कार्यक्रमों में शामिल है और इसके 16,000 से ज्यादा एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं। यही वजह है कि इसका नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज किया जा चुका है। कृषि दर्शन की शुरुआत 26 जनवरी 1967 को दूरदर्शन पर हुई थी। शुरुआत में यह कार्यक्रम दिल्ली और उसके आसपास के करीब 80 गांवों के किसानों को खेती से जुड़ी नई तकनीक, फसल प्रबंधन और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से बनाया गया था। समय के साथ इसकी लोकप्रियता बढ़ती गई और यह देश के सबसे लंबे समय तक प्रसारित होने वाले टीवी कार्यक्रमों में शामिल हो गया।

# थलपति विजय की फिल्म का हिंदी में होगा ऐसा हाल

## जन नायकन बनेगी तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग वाली मूवी

**नई दिल्ली।** थलपति विजय की आखिरी फिल्म 'जन नायकन' रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म 23 जुलाई को बड़े पर्दे पर रिलीज हो रही है। कोईमोई के मुताबिक, फिल्म का पहले दिन का कलेक्शन हिंदी में 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' से भी कम होने वाला है। लियो के केस में लोकेश सिनमैटिक यूनिवर्स की वजह से काफी हाइप था। इसी वजह से फिल्म ने हिंदी में 2.85 करोड़ की ओपनिंग की थी। वहीं, 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' को भी ओपनिंग डे पर अच्छा रिस्पॉन्स मिला। वहीं 'जन नायकन' की बात करें तो फिल्म क हिंदी वर्जन क ओपनिंग डे पर 1.4 से 1.8 करोड़ तक कमाने की खबरें हैं। अगर ऐसा हुआ तो फिल्म थलपति विजय की हिंदी में तीसरी बिगेस्ट ओपनिंग वाली फिल्म बन जाएगी। इस लिस्ट में 'लियो' सबसे आगे है। 'लियो' ने 2.85 करोड़ की ओपनिंग की थी। दूसरे नंबर पर 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' है। इस फिल्म ने 2.1 करोड़ कमाए थे। तीसरे नंबर पर 'वरिसु' है। इस फिल्म ने 70 लाख कमाए थे। चौथे नंबर पर 'बीस्ट' है. फिल्म ने 60 लाख की ओपनिंग की थी। पांचवें नंबर पर 'मास्टर' है. फिल्म ने 50 लाख कमाए थे।




# विलेन की अदाकारी करते वक्त मुझसे मत उलझना

**नई दिल्ली।** पर्दे पर गंभीर और चैलेंजिंग किरदारों के लिए पहचान बनाने वाले केके मेनन अभिनय को अलग नजरिए से देखते हैं। उनका मानना है कि किसी भी किरदार को निभाने से पहले उसे अपने भीतर तलाशना जरूरी है। 'आदर्श बाल विद्यालय' के प्रमोशन के दौरान एक बातचीत में उन्होंने अभिनय, किरदार और अपने काम को लेकर खुलकर बात की। सीरीज में अपने किरदार ज्ञानेश्वर पर बात करते हुए केके मेनन कहते हैं, 'अगर मैं अपने भीतर से ज्ञानेश्वर को नहीं निकालूंगा तो मैं फेक एक्टिंग कर रहा होऊंगा। मैं जो भी करता हूं, उसमें बुरे किरदार भी मेरे भीतर से ही आते हैं। अगर ऐसा नहीं हुआ तो वह सिर्फ एक्टिंग रह जाएगी। इसलिए, मैं हमेशा कहता हूं कि जब मैं कोई बहुत बुरा किरदार निभा रहा होता हूं तो 'एक्शन' और 'कट' के बीच मुझसे मत उलझना। क्योंकि, उस वक्त मैं केके मेनन नहीं होता। मैं अपने भीतर की उसी बुराई को जी रहा होता हूं। मैं हर किरदार को इसी तरह अप्रोच करता हूं।' किरदार की तैयारी के सवाल पर केके मेनन कहते हैं, 'मैं टेक्स्ट पर बहुत भरोसा करता हूं। डायरेक्टर और राइटर मेरे लिए



बहुत मदद करते हैं। मैं स्क्रिप्ट को न जाने कितनी बार पढ़ता हूं। मेरे लिए यही सबसे पक्का तरीका है, क्योंकि जितनी बार आप स्क्रिप्ट पढ़ते हैं, हर बार वह आपको कुछ यूनिक देती है। इसमें कोई रॉकेट साइंस नहीं है।'

***मैं सब कुछ नहीं जानता :*** रोल चुनने को लेकर केके मेनन का कहना है, 'मैंने रोल इसलिए नहीं छोड़ा कि वह सुरक्षित था। मैंने सिर्फ इसलिए छोड़ा क्योंकि उसने मेरी दिलचस्पी नहीं जगाई। रोल चुनने का कोई फॉर्मूला नहीं है। जो मुझे पसंद नहीं आता, वही किसी दूसरे अभिनेता को पसंद आ सकता है। इसलिए मैं यह भी नहीं सोचता कि मैं सब जानता हूं। मुझसे भी गलती हो सकती है।'

### टेंशन जरूरी है

करीब तीन दशक के लंबे करियर के बाद भी केके मेनन की तैयारी में कोई ढील नहीं आई है। क्या इतने वर्षों बाद भी पहले दिन शूटिंग पर घबराहट होती है? इस पर केके मेनन कहते हैं, 'मैं इसे नर्वसनेस नहीं, एसेंशियल टेंशन कहता हूं। थोड़ा-सा टेंशन होना जरूरी है, नहीं तो काम नहीं करता। जैसे 100 मीटर का धावक स्टार्ट लाइन पर खड़ा होता है या क्रिकेटर पहली गेंद खेलने जाता है। हर किसी के भीतर वह थोड़ा-सा टेंशन होना चाहिए, जो आपको अपने पैरों पर खड़ा रखे। बस वह स्ट्रेस नहीं बनना चाहिए।'

## वो सनकी संगीतकार, जिनके जनाजे में शामिल हुए फिल्मी दुनिया के सिर्फ दो लोग

# लता का किया अपमान, किशोर दा को बताया शोर कुमार

**नई दिल्ली।** म्यूजिक की दुनिया में कई ऐसी दिग्गज हस्तियां आई हैं, जिन्होंने एक से बढ़कर एक कालजयी गाने बनाए, लेकिन उनकी अपनी पहचान गुमनाम ही रह गई। 5 दशक से अधिक समय तक संगीत जगत में एक अलग पहचान बनाने वाले नामों में एक नाम उस संगीतकार का भी है, जिन्होंने हिंदी सिनेमा के संगीत को एक नया आयाम दिया। उन्हें न सिर्फ भारतीय सिनेमा में उनके अलग संगीत और 22 हजार से अधिक गानों में मैंडोलिन बजाने के लिए जाना जाता है, बल्कि अपने सनकी और मूडी स्वभाव के कारण भी वे अक्सर सुर्खियों में रहे। कौन थे वे संगीतकार, जिनकी अंतिम विदाई में सिर्फ दो बॉलीवुड हस्तियां पहुंची थीं और जिन्होंने लता मंगेशकर जैसी दिग्गज गायिका की भी क्लास लगा दी थी?





### क्यों कहा जाता था उन्हें बेबाक और सनकी?

हम बात कर रहे हैं मशहूर संगीतकार सज्जाद हुसैन की। 5 दशक से ज्यादा समय तक संगीत की दुनिया में सक्रिय रहे सज्जाद हिंदी सिनेमा की सबसे विवादित हस्तियों में से एक रहे। उनका गुस्सैल स्वभाव, बेबाक बोल और समझौता न करने की आदत अक्सर उन्हें विवादों में डाल देती थी।

### गीतकार डीएन मधोक से हो गया था झगड़ा

साल 1944 में आई फिल्म 'दोस्त' के शानदार संगीत की सफलता का श्रेय जब निर्देशक शौकत हुसैन रिजवी ने अपनी पत्नी नूरजहां को दिया, तो स्वाभिमानी सज्जाद ने कसम खा ली कि वे अब कभी उनकी पत्नी के लिए गाना कंपोज नहीं करेंगे। वहीं, फिल्म 'सैंया' की रिकॉर्डिंग के दौरान उनका गीतकार डी.एन. मधोक से झगड़ा हो गया था। यही नहीं, एक बार लता मंगेशकर को लेकर की गई उनकी टिप्पणी के कारण दोनों के बीच बातचीत बंद हो गई थी।

### 20 से ज्यादा बड़े प्रोजेक्ट्स गंवा दिए

सज्जाद हुसैन के इस बेबाक और कड़वे स्वभाव के कारण धीरे-धीरे लोग उनसे दूर होने लगे। अपने 34 साल के कॅरियर में उन्होंने अपने अड़ियल रवैये की वजह से 20 से ज्यादा बड़े प्रोजेक्ट्स गंवा दिए। लता मंगेशकर ने एक पुराने इंटरव्यू में माना था कि सज्जाद हुसैन के साथ काम करने में घबराहट होती थी, क्योंकि वे बारीकियों पर बहुत ध्यान देते थे और उन्हें जरा भी लाउड गाना पसंद नहीं था।

### दिलीप कुमार से हो गई थी अनबन

सज्जाद हुसैन ने सिर्फ नूरजहां या लता मंगेशकर से ही पंगा नहीं लिया, बल्कि 'संगदिल' की शूटिंग के दौरान दिलीप कुमार से भी उनकी अनबन हो गई। वे अपनी तीखी बयानबाजी के लिए मशहूर थे, उन्होंने तलत महमूद को 'गलत महमूद' और किशोर कुमार को 'शोर कुमार' तक कह दिया था। कहा जाता है कि निर्माता-निर्देशक के. आसिफ से हुए मनमुटाव के कारण ही उनके हाथ से 'मुगल-ए-आजम' जैसी ऐतिहासिक फिल्म का संगीत निकल गया था।

### उधास-खय्याम पहुंचे थे अंतिम विदाई देने

महान संगीतकार सज्जाद हुसैन का निधन 21 जुलाई 1995 को माहिम स्थित उनके घर पर हुआ। जब उनकी अंतिम यात्रा निकली, तो उनके पांच बेटों और एक बेटी के अलावा पूरी फिल्म इंडस्ट्री से सिर्फ दो लोग मशहूर गायक पंकज उधास और संगीतकार खय्याम ही उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे थे।

## खबर संक्षेप

### शीघ्र शुरू होगा दिल्ली ट्रेन का सप्ताह में दो दिन परिचालन

**अम्बिकापुर।** अम्बिकापुर-दिल्ली ट्रेन को रेलवे बोर्ड की स्वीकृति के अनुरूप गुरूवार के साथ प्रत्येक मंगलवार को शीघ्र शुरू करने की मांग रेल मंत्री से की गई है जिससे जल्द यात्रियों को इसका लाभ मिल सके। अंबिकापुर-दिल्ली साप्ताहिक ट्रेन का परिचालन सप्ताह में दो दिन किए जाने की घोषणा के बाद इसकी बढ़ी हुई आवृत्ति के अनुरूप संचालन जल्द प्रारंभ करने क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य मुकेश तिवारी ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव एवं रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार को पत्र प्रेषित किया है। उन्होंने बताया कि रेलवे बोर्ड ने 19 जून 2026 को साप्ताहिक ट्रेन संख्या 22407/22408 अम्बिकापुर-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस को साप्ताहिक से बढ़ाकर सप्ताह में दो दिन चलाने की स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृति के अनुसार ट्रेन संख्या 22407 अंबिकापुर से मंगलवार और गुरूवार तथा ट्रेन संख्या 22408 हजरत निजामुद्दीन से रविवार और मंगलवार को चलनी है। स्वीकृति जारी हुए लगभग एक माह हो गया है, लेकिन अभी तक संचालन शुरू होने की तिथि घोषित नहीं की गई है। इससे यात्रियों में निराशा और असमंजस की स्थिति बनी हुई है। श्री तिवारी ने कहा कि इस ट्रेन की बढ़ी हुई आवृत्ति से सरगुजा संभाग, उत्तर छत्तीसगढ़ और असपास के क्षेत्रों के लाखों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। विद्यार्थियों, मरीजों, व्यापारियों, सरकारी कर्मचारियों और आम यात्रियों की यात्रा अधिक सुविधाजनक होगी। उन्होंने रेल मंत्री से कोच, क्रू, इंजन लिंक और अन्य सभी आवश्यक तैयारियां शीघ्र पूरी कर संचालन की तिथि तत्काल घोषित करने तथा नियमित संचालन जल्द शुरू कराने का अनुरोध किया है। रेलवे बोर्ड की स्वीकृति के बाद भी संचालन में हो रहा अनावश्यक विलंब यात्रियों की अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं है। उन्होंने रेल मंत्री से व्यक्तिगत हस्तक्षेप कर इस स्वीकृति का शीघ्र क्रियान्वयन कराने का आग्रह किया है।

### शिक्षक ने जन्मदिन पर दिया न्योता भोज बच्चों को बांटे टाई-बेल्ट,कॉपी पेन

**सूरजपुर।** विकासखंड रामानुजनगर कोट चिटकाहीपार स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला संकुल केन्द्र के संस्था प्रमुख सुरेन्द्र राजवाड़े ने अपने जन्मदिन को सामाजिक सरोकार एवं शिक्षा के प्रति समर्पण का संदेश देते हुए विद्यालय में न्योता भोज का आयोजन किया तथा विद्यालय में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को टाई, बेल्ट, कॉपी एवं पेन वितरित किए। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन-अर्चन से हुआ। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित सहायक आयुक्त घनश्याम सिंह एवं अशोक उपाध्याय ने विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया तथा उन्हें मिष्ठान, टाई, बेल्ट, कॉपी एवं पेन वितरित किए। मुख्य अतिथि एवं संकुल प्राचार्य महेश कुमार दोहरे ने कहा कि शिक्षक यदि अपने विशेष अवसरों को बच्चों के साथ साझा करें तो इससे विद्यार्थियों में विद्यालय के प्रति अपनापन और शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण विकसित होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासित रहकर मन लगाकर अध्ययन करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन चांसी प्रसाद कुशवाहा ने किया वहीं सुरेन्द्र राजवाड़े ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान संकुल प्राचार्य महेश कुमार दोहरे, यदुवंश नारायण साहू, प्रधान पाठक फूल सिंह, नागेन्द्र प्रसाद यादव, अल्ताफ अली, निर्मल प्रसाद, रोहित साहू, राधेश्याम साहू, खेलसाय पोर्ते, उमाशंकर साहू, धर्मेंद्र दुबे, रूपनारायण साहू, श्रीमती केशरी राजवाड़े, देवचंद सिंह, लक्ष्मी प्रसाद ठाकुर, हीरालाल सिंह, पुरंजन सिंह, श्रीमती ज्योति सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### विश्व युवा कौशल दिवस पर व्याख्यान कार्यक्रम

**अम्बिकापुर।** प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित ऑटोमोटिव 4 व्हीलर ट्रेनिंग सेंटर में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नीलकंठ बरोई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को ऑटोमोबाइल उद्योग में उपलब्ध अवसरों, आधुनिक तकनीकों तथा कौशल विकास के महत्व पर विस्तृत एवं प्रेरक जानकारी प्रदान की। श्री बरोई ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में किसी भी युवा की सबसे बड़ी ताकत उसका कौशल है। वर्तमान समय में ऑटोमोबाइल उद्योग तेजी से आधुनिक तकनीकों की ओर अग्रसर है, इसलिए युवाओं के लिए निरंतर सीखना और स्वयं को समय के अनुरूप विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए कार्य के प्रति समर्पण, कड़ी मेहनत, अनुशासन तथा सीखने की निरंतर इच्छा सबसे महत्वपूर्ण गुण हैं।

धान की रोपाई में आई तेजी

# औसत वर्षा का कोटा अभी अधूरा, अब तक सामान्य से 200 मिमी कम वर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- 60 फीसदी खेत अभी भी खाली

जुलाई में कमोवेश लगातार वर्षा हो रही है। लगातार बारिश से खरीफ फसलों की रोपाई-बुनाई की स्थिति में व्यापक बदलाव आया है। किसान तेजी से धान की रोपाई कर रहे हैं। हालाकि लगातार बारिश के बावजूद अभी तक औसत वर्षा का कोटा पूरा नहीं हो सका है। मौसम विज्ञानी जुलाई के शेष दिनों में भी अच्छी वर्षा होने की संभावना जता रहे हैं।

जुलाई महीना शुरू होने के बाद से ही वर्षा की स्थिति में काफी सुधार आया है। मानसून की मेहरबानी से फिलहाल सूखे के संकट से राहत मिल गई है। लगातार बारिश होने से खेतों की शेड लबालब हो गए हैं तथा किसान उत्साहपूर्वक अपने खेतों में धान की रोपाई कर रहे हैं। जून में काफी कम वर्षा होने के कारण खरीफ खेती में काफी विलम्ब हुआ है। हालांकि मानसून की सक्रियता से किसान काफी उत्साहित हैं। इसी तरह आगे भी वर्षा होती रही तो खरीफ खेती के अनुकूल रहने की उम्मीद जताई जा रही है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार सरगुजा में जुलाई तक औसत 625 मिमी वर्षा होती है लेकिन इस बार अब तक कुल वर्षा मात्र 440 मिमी रिकॉर्ड की गई है। जून में औसत वर्षा 200 मिमी की जगह इस बार मात्र 109 मिमी वर्षा हुई है जबकि जुलाई में औसत वर्षा 450 मिमी की तुलना में 316 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। जुलाई में अभी 10 दिन शेष बचे हैं तथा मौसम विज्ञानी शेष बचे दिनों में जुलाई का कोटा पूरा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। जून में हुई कम वर्षा के कारण सूखे की स्थिति निर्मित होने की बात कही जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि जून में पर्याप्त वर्षा होने पर अधिकांश किसान धान का बीड़ा लगा देते हैं तथा जुलाई में रोपाई करते हैं। जून में कम वर्षा होने के कारण किसानों ने जुलाई में धान का बीड़ा लगाया तथा बारिश होने पर अब धान की रोपाई कर रहे हैं। कम बारिश होने के कारण कुछ क्षेत्रों के किसान अब धान का बीड़ा लगा रहे है। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि धान की रोपाई मध्य अगस्त तक होती है। बीच-बीच में वर्षा होती रहे तो फसल अनुकूल होती है।

बलरामपुर जिला में पर्याप्त वर्षा हुई है तथा अब तक सामान्य से 5 फीसदी अधिक वर्षा हो चुकी है। जबकि सूरजपुर में सामान्य से 39 फीसदी तथा सरगुजा में 58 फीसदी कम वर्षा दर्ज की गई है। संभाग के अन्य जिलों में भी सामान्य से कम वर्षा हुई है लेकिन वर्षा के मामले में छत्तीसगढ़ अंतर्गत सरगुजा में सबसे कम वर्षा दर्ज की गई है।



खेत में रोपा लगाते ग्रामीण।

### आधे से भी कम रकबे में रोपाई

कम वर्षा होने के कारण इस बार अधिकांश किसानों ने अपने खेतों में सीधे धान की बुनाई की है। कृषि विभाग के आंकड़े के अनुसार बोथा धान की बुनाई 90 फीसदी पूरी हो चुकी है जबकि रोपा धान का लक्ष्य मात्र 42 फीसदी ही पूरा हो सका है। इस साल विभाग ने 24800 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बोता धान एवं 48100 हेक्टेयर में रोपा धान लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अभी तक 22365 हेक्टेयर में धान की बुनाई एवं 20165 हेक्टेयर में धान की रोपाई पूरी हो चुकी है। मौसम के प्रतिकूल होने के कारण इस बार उड़द, मूंग की खेती पर विपरीत प्रभाव पड़ा है तथा क्रमशः 360 हेक्टेयर एवं 221 हेक्टेयर क्षेत्रफल में ही इन फसलों की बुनाई हो सकी है। किसान अभी भी विभिन्न फसलों की बुनाई कर रहे हैं।

### घुनघुट्टा बांध में भरा 65 फीसदी पानी

लगातार बारिश होने से सिंचाई बांधों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। घुनघुट्टा बांध में अब तक 65 फीसदी पानी भर गया है। घुनघुट्टा बांध एवं कुंवरपुर सिंचाई बांध से विभाग 25 जुलाई से ही सिंचाई के लिए लगातार पानी उपलब्ध करा रहा है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के अनुसार बांध में हर रोज 4-5 फीसदी पानी बढ़ रहा है। इसी तरह वर्षा होती रह तो एक सप्ताह में बांध में क्षमता का 75 फीसदी पानी भर जाएगा तथा कभी भी बांध का गेट खोलने की स्थिति निर्मित हो सकती है। इसके विपरीत कुंवरपुर सिंचाई बांध में 40 फीसदी, बननई सिंचाई बांध में 20 फीसदी तथा बांकी बांध में मामूली जलभराव हुआ है। घुनघुट्टा बांध के माध्यम से क्षेत्र के 55 गांवों में लगातार सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

### प्रभावी है लो-प्रेशर

अभी भी लो प्रेशर प्रभावी है तथा उत्तर छत्तीसगढ़ के ऊपर केंद्रित है। इसके प्रभाव से मध्य छत्तीसगढ़ में अच्छी वर्षा होने की संभावना है। आगामी दिनों में भी मानसून के अनुकूल रहने की संभावना है।

**-अक्षय मोहन भट्ट**, मौसम विज्ञानी



## सिलफिली में चलते ट्रेलर पर गिरा विशाल सरई का पेड़, चालक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- एनएच पर लगा लम्बा जाम

लगातार हो रही बारिश के बीच मंगलवार की सुबह एन एच 43 पर बड़ा हादसा टल गया। सिलफिली स्थित आकाशवाणी केंद्र और 10 वीं बटालियन के बीच सुबह करीब 6.30 बजे अचानक एक विशालकाय सरई का पेड़ चलती ट्रेलर के केबिन पर भरभराकर गिर पड़ा। हादसे में ट्रेलर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया,इस दौरान एनएच की दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और करीब दो घंटे तक यातायात बाधित रहा। जानकारी के अनुसार नया ट्रेलर वाहन को लेकर चालक जमशेदपुर झारखंड निवासी साजिद जमशेदपुर से मध्यप्रदेश के सीहोर जा रहा था,जैसे ही वाहन सिलफिली के पास पहुंचा, लगातार बारिश के कारण सड़क किनारे खड़ा सरई का विशाल पेड़ अचानक उखड़कर सीधे ट्रेलर के केबिन पर आ गिरा। पेड़ गिरने की आवाज से आसपास अफरा-तफरी मच गई और अन्य वाहन चालकों ने तत्काल अपने वाहन रोक दिए।

हादसे में ट्रेलर चालक साजिद निवासी जमशेदपुर के पैर में चोट आई है। स्थानीय लोगों ने तत्काल उसे वाहन से बाहर निकालकर उपचार के लिए भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर रेफर किया, लेकिन बाद में परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर ले गए हैं।



## लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, किया गया पुतला दहन

**अंबिकापुर।** परीक्षा लीक पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे छात्रों पर बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई ने संयुक्त रूप से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर अपना विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर पूरे प्रदेश में इस घटना के विरोध में पुतला दहन किया गया। कांग्रेस का आरोप है कि मोदी सरकार के आने के बाद इस देश मे नीट सहित 152 परीक्षा के पेपर लीक हो चुके हैं। नीट परीक्षा लीक जे बाद 21 छात्रों ने हताशा में आत्महत्या कर लिया है। इसको लेकर देश मे भारी असंतोष है। सरकार ने इस असंतोष के प्रति न केवल असंवेदनशील रवैया अपनाया हुआ है, साथ ही इस मामले में विफल रहे शिक्षा मंत्री से भी इस्तीफा लेना उचित नहीं समझा। बजाय कार्रवाई करने के सरकार छात्रों पर लाठीचार्ज कर रही है। इसके विरोध में आज घड़ी चौक पर भारी बारिश के बीच प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया। इस दौरान जिला कांग्रेस के महामंत्री और युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के प्रभारी आलोक सिंह ने प्रधानमंत्री को डरपोक करार देते हुए कहा कि अपनी मांग को लेकर संसद आ रहे छात्रों को सुनने के बजाय प्रधानमंत्री भाग खड़े हुए। उन्होंने यह भी कहा कि संघ के गुंडों ने पुलिस के साथ मिलाकर छात्रों को पीटा और उन्हें लहूलुहान किया। इस घटना पर उन्होंने शिक्षा मंत्री के साथ ही साथ गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की भी मांग की। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, शफी अहमद, राकेश गुप्ता, हेमंत सिन्हा, इंदरजीत सिंह धंजल, संजीव मंदिलवार, मदन जायसवाल, असफाक अलि, संजय सिंह, जीवन यादव, अविनाश कुमार, शुभम जयसवाल, परवेज आलम गांधी, आदि मौजूद थे।

## रेलवे स्टेशन से लापता बालक को किया गया बरामद

**अंबिकापुर।** रेलवे स्टेशन से लापता हुए बच्चे को पुलिस ने बरामद करने में सफलता हासिल की है। लावारिश रूप से भटक रहे बच्चे को एक ग्रामीण ने अपने पास रख लिया था और ग्रामीणों के साथ मिलकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बच्चे को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया है। बता दें कि 15 जुलाई को 40 वर्षीय कुन्नी लाल सिंह ने गांधीनगर पुलिस से शिकायत दर्ज कराई थी कि वह कोरिया जिले के डबरी पानी का रहने वाला है और अजिरमा में किराए के माकन में रहकर मजदूरी करत है। घटना दिवसी को वह मेमू से अपने तीन साल के बेटे को लेकर आया था। इस दौरान वह खाने-पीने के बाद स्टेशन पर ही सो गया और उसके बच्चे को कोई बहला फुसला कर ले गया। शिकायत पर पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 137(2) के तहत शून्य में अपराध दर्ज किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी राजेश अग्रवाल ने लापता बालक की तलाश के निर्देश दिए थे। इस बीच कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम गांझाडांड निवासी ग्रामीण द्वारा बच्चे को लावारिस हालत में देखकर बच्चे को अपने साथ रखकर की बात सामने आई। ग्रामीण बच्चे के परिजन की तलाश कर रहा था और परिजन के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिलने पर अपने घर में बच्चे को रख लिया। इसके साथ ही चौकी रघुनाथपुर लाकर नाबालिग बालक को पेश किया है। बालक की पहचान होने पर परिजन को इसकी सूचना दी गई और आरपीएफ की मदद से बच्चे को सुपुर्द किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रवीण कुमार द्विवेदी, आरपीएफ प्रभारी अंबिकापुर सुनीता मिंज, चौकी प्रभारी रघुनाथपुर आरएन पटेल, प्रधान आरक्षक कंट्रोल रूम गणेश कदम, आरक्षक उमेश खुटिया सक्रिय रहे।

### पढ़ने से बचने घर में छिपा बच्चा

शहर में एक और बच्चे के गुम होने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार गांधीनगर एमजी रोड निवासी व्यक्ति ने सूचना दी थी कि 20 जुलाई की रात 8 बजे उनका बच्चा घर से कहीं चला गया। पुलिस द्वारा नाबालिग की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने बच्चे को प्रार्थी के घर से ही बरामद कर परिजन को सुपुर्द किया गया है। नाबालिग बालक पढ़ने से बचने के लिए घर में छुपकर रहना बताया है।

### बारिश में बही मरम्मत की गई पुलिया, ग्रामीण परेशान

**रामानुजनगर।** जनपद पंचायत रामानुजनगर के ग्राम पंचायत शिवपुर में तालाब के पास मरम्मत की गई पुलिया पहली ही बरसात के पानी में पूरी तरह बह गई है। पुलिया के बह जाने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। सामाजिक कार्यकर्ता विशाल ढुबे ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और सचिव पर मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिया बहने से ग्रामीण, स्कूली बच्चे और किसानों का आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है और हादसे की आशंका बनी हुई है। उन्होंने मामले में दोषी अधिकारियों और सचिव के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## राज्य स्तरीय ऑर्गन डोनेशन समिति में सरगुजा के चार प्रतिनिधियों को मिला दायित्व

- सरगुजा की सेवा को मिला राज्यस्तरीय सम्मान

**अंबिकापुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा सरगुजा के लिए यह अत्यंत गौरव एवं हर्ष का विषय है कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, छत्तीसगढ़ राज्य शाखा द्वारा गठित 15 सदस्यीय राज्य स्तरीय ऑर्गन डोनेशन समिति में सरगुजा जिले के चार प्रतिनिधियो (आजीवन सदस्य) को महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किए गए हैं। इनमें श्रीमती आकांक्षा श्रीवास्तव को वाइस चेयरमैन, तथा श्रीमती अंजुला गौतम मिश्रा, श्रीमती संध्या सिंह एवं श्री आर्यन सिन्हा को राज्य स्तरीय सदस्य के रूप में नामित किया गया है। विशेष उल्लेखनीय तथ्य यह है कि सरगुजा से तीन महिला प्रतिनिधियों को राज्य स्तरीय समिति में स्थान मिला है, जो जिले के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। यह उपलब्धि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा सरगुजा के चेयरमैन अदितेश्वर शरण सिंह देव के नेतृत्व में विगत कई वर्षों से संचालित रक्तदान महादान-अंगदान जीवनदान जनजागरूकता अभियान, संगठन की सक्रिय कार्यशैली तथा समर्पित स्वयंसेवकों के सतत प्रयासों का परिणाम मानी जा रही है। जिला शाखा द्वारा रक्तदान के साथ-साथ नेत्रदान, अंगदान एवं देहदान जैसे मानवीय विषयों पर समाज में जागरूकता लाने तथा इन विषयों को शासन स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने का निरंतर प्रयास किया जाता रहा है। रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय ऑर्गन डोनेशन समिति की प्रथम बैठक में इन विषयों को सरगुजा के प्रतिनिधियों द्वारा प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया, जिस पर विस्तृत विचार-विमर्श उपरांत समिति ने सर्वसम्मति से महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए। बैठक उपरांत भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, छत्तीसगढ़ राज्य शाखा के चेयरमैन तोमन साहू के नेतृत्व में समिति के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल रमेन डेका से लोक भवन (राजभवन) रायपुर में शिष्टाचार भेंट कर मांग-पत्र सौंपा। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा सरगुजा का मानना है कि जिन जनहितकारी विषयों को जिला शाखा वर्षों से निरंतर शासन के समक्ष उठाती रही, उन्हीं विषयों का राज्य स्तरीय समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन एवं महामहिम राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुतीकरण सरगुजा के सतत सेवा, समर्पण एवं रचनात्मक प्रयासों के प्रति व्यक्त विश्वास का प्रतीक है। इस अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा सरगुजा के चेयरमैन अदितेश्वर शरण सिंह देव ने राज्य स्तरीय समिति में मनोनीत सभी सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह सम्मान केवल चार सदस्यों का नहीं, बल्कि सरगुजा जिले के संपूर्ण रेड क्रॉस परिवार, स्वयंसेवकों, रक्तदाताओं एवं समाजसेवियों की वर्षों की निष्ठा, सेवा और समर्पण का सम्मान है। हमें पूर्ण विश्वास है कि राज्य स्तरीय समिति छत्तीसगढ़ में नेत्रदान, अंगदान एवं देहदान के क्षेत्र में नई चेतना का संचार करेगी तथा मानव सेवा के इस महाअभियान को नई उंचाइयों पर पहुंचाएगी।



### की गई ये मांगे

मांग-पत्र में विशेष रूप से अंगदान एवं देहदान करने वाले व्यक्तियों को पड़ोसी राज्यों मध्यप्रदेश एवं ओडिशा की भांति मरणोपरांत गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किए जाने, विश्व अंगदान दिवस (13 अगस्त) के अवसर पर अंगदान करने वाले व्यक्तियों के परिजनों, पंजीकृत प्रत्यारोपण (ट्रांसप्लांट) संस्थानों के निदेशकों, चिकित्सकों एवं ट्रांसप्लांट को-ऑर्डिनेटर्स का राज्य स्तरीय सम्मान आयोजित किए जाने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण सुझाव सम्मिलित थे। राज्यपाल ने समिति की इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए प्रस्तावों पर सकारात्मक मार्गदर्शन प्रदान किया तथा आवश्यक शासन स्तरीय कार्यवाही हेतु उन्हें अग्रेषित किए जाने का आश्वासन दिया।

## रामनगर-सूरजपुर पहुंचने की मुख्य सड़क हुई जर्जर गड्ढों पर धान की रोपाई कर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

बिश्रामपुर। बरसात के मौसम में सड़कें खेतों जैसी नजर आने लगी हैं इसी नाराजगी को अनोखे अंदाज में जाहिर करते हुए मंगलवार को ग्राम पंचायत सरस्वतीपुर, रामनगर एवं सूरजपुर मार्ग के ग्रामीणों ने जर्जर सड़क पर धान की रोपाई कर प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उपसरपंच गोवर्धन केवट के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में ग्रामीणों का कहना था कि जब सड़क गड्ढों से भरकर खेत का रूप ले चुकी है, तो उसमें धान की रोपाई ही की जा सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग की बदहाली को लेकर कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन को आवेदन दिए जा चुके हैं, लेकिन आज तक सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई। नतीजतन हर बारिश में सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन जाते हैं और पानी भर जाने से राहगीरों को खतरे का सामना करना पड़ता है।

## समता बुद्ध विहार परिसर में सौंदर्यीकरण पर्यावरण संरक्षण महोत्सव का आयोजन

**एक पौधा- एक जीवन, एक संकल्प थीम पर किया गया पौधरोपण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार को बिश्रामपुर स्थित समता बुद्ध विहार परिसर में सौंदर्यीकरण एवं पर्यावरण संरक्षण महोत्सव का आयोजन किया गया। एक पौधा–एक जीवन, एक संकल्प थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में एसईसीएल अधिकारियों, सामाजिक संगठनों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लेते हुए पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के पारंपरिक स्वागत से हुई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय सिंह थे। अन्य अतिथियों में कार्मिक प्रबंधक शिंदे, सुरक्षा प्रभारी श्याम सुंदर, पर्यावरण विभाग के प्रिंस प्रजापति, सिस्टा एसोसिएशन के अध्यक्ष राम बिहारी राम, क्षेत्रीय सचिव ओमप्रकाश पैकरा सहित कई अधिकारी एवं सामाजिक प्रतिनिधि मंचासीन रहे। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि प्रत्येक प्रतिभागी ने स्वयं पौधा लगा उसके साथ नेमप्लेट लगाकर अपनी भागीदारी दर्ज कराई। आयोजकों का कहना था कि इससे पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित होगी और लोग अपने लगाए पौधों के प्रति जिम्मेदारी महसूस करेंगे।

इस अवसर पर एसएस मुंडा, राजेश, रामराज, सजल मित्रा, देव चौधरी, परवीन, सावित्री बाई फुले महिला समिति की अध्यक्ष मीना एवं समिति के पदाधिकारीयों के नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया।




आयोजकों ने बताया कि 21 जुलाई को पूरे देश में कोल इंडिया लिमिटेड एवं उसकी सभी सहायक कंपनियों द्वारा एक साथ विशाल पौधरोपण अभियान चलाया गया। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराना भी है। बताया जा रहा है कि इस अभियान के तहत एसईसीएल को लगभग साढ़े तीन लाख पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है, जबकि बिश्रामपुर क्षेत्र के लिए 40 हजार पौधों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए पौधरोपण सबसे प्रभावी उपायों में से एक है।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### आईटीआई लैलूंगा में 24 तक प्रवेश

**रायगढ़।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था लैलूंगा.में संचालित विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 24 जुलाई तक पर कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए संस्था के प्रवेश मार्गदर्शन केंद्र से संपर्क कर सकते है।

### उद्यान निर्माण के लिए 95 लाख स्वीकृत

**सारंगढ़।** नगरीय प्रशासन विभाग ने सारंगढ़ नगरपालिका में उद्यान निर्माण के लिए 95 लाख 30 हजार रुपए मंजूर किए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा सारंगढ़ में उद्यान निर्माण की घोषणा के अनुपालन में विभाग द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट से अधोसंरचना मद से यह राशि स्वीकृत की गई है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने संचालनालय से इसकी मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। श्री साव ने उद्यान का निर्माण पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय.सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

### 31 जुलाई तक होगा फसल बीमा पंजीयन

**सारंगढ़।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत मौसम खरीफ 2026 में ऋणी एवं अऋणी कृषकों का फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित है। किसान 31 जूलाई तक बैंक, सहकारी समिति, लोक सेवा केन्द्र, कृषि विभाग के माध्यम से अपने अधिसूचित फसलों का बीमा करा सकते हैं। विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाधित रोपाई, रोपण जोखिम अधिसूचित क्षेत्र में कम वर्षा अथवा प्रतिकूल मौसमी दशाओं के कारण अधिसूचित मुख्य फसल की बोआई, रोपण, अंकुरण नहीं हो पाने वाली नुकसान से सुरक्षा प्रदान करेगा, साथ ही ओलावृष्टि, जलभराव, बादल का फटना, प्राकृतिक आकाशीय बिजली, चक्रवाती वर्षा एवं बेमौसम होने वाली बरसात से फसल बीमा सुरक्षा प्रदान करता है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत जिले के ऋणी एवं अऋणी कृषक बीमा का लाभ लेने हेतु जिला के सहकारी बैकों में तथा सेवा सेतु केन्द्रों के माध्यम से आवेदन कर फसल बीमा करा सकते है।

### प्रधान पाठक के सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

**रायगढ़।** जिले के छाल थाना क्षेत्र में चोरों ने एक शिक्षक के सूने मकान को निशाना बनाते हुए करीब 1.17 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम बोजिया निवासी बाबू लाल धीरहे (41), जो प्राथमिक शाला पुसल्दा में प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ हैं, 18 जुलाई की दोपहर करीब 2 बजे अपने पूरे परिवार के साथ शक्ति क्षेत्र के टेमर स्थित रिश्तेदार के घर गए थे। परिवार दो दिन तक बाहर रहा। 20 जुलाई की सुबह करीब 7 बजे जब परिवार वापस घर पहुंचा तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। घर के अंदर जाकर देखा तो अलमारी खुली हुई थी और उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर गायब थे। चोरी गए सामान में सोने का हार, कान की बाली, लॉकेट, नथ, फुली, खिनवा तथा तीन जोड़ी चांदी की पायल शामिल हैं। चोरी गए जेवरों की कुल कीमत करीब 1 लाख 17 हजार रुपये बताई गई है।

### पंप चोरी के मामले में दो गिरफ्तार, माल बरामद

**रायगढ़।** चक्रधरनगर पुलिस ने पोल्ट्री फार्म से बोर पंप चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गया मोटर पंप और केबल तार भी बरामद कर लिया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। जानकारी के अनुसारए दुर्गा विहार कॉलोनी निवासी फिरोज आलम ने 19 जुलाई को थाना चक्रधरनगर में शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम सम्बलपुरी स्थित पोल्ट्री फार्म से बोर पंप का मोटर और केबल तार चोरी हो गया है। उन्होंने बताया कि 15 जुलाई की शाम फार्म बंद कर घर लौटे थे और अगले दिन सुबह पहुंचे तो बोर का पाइप टूटा मिला तथा मोटर और केबल तार गायब थे।

### कलेक्टर ने राखी खरीदकर किया महिलाओं को प्रोत्साहित

# प्रकृति संरक्षण का इको फ्रेंडली बीज राखियां देंगी संदेश, मिट्टी में मिलते ही बनेंगी पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रक्षाबंधन के पर्व को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने की अभिनव पहल करते हुए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़ी स्व सहायता समूहों की महिलाएं जिलेभर में इको फ्रेंडली बीज राखियां तैयार कर रही हैं। सोमवार को बिहान की दीदियों ने अपने हाथों से निर्मित बीज राखियों का आकर्षक स्टॉल कलेक्टोरेट में लगाया। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने स्टॉल का अवलोकन कर समूह की महिलाओं से राखियां खरीदीं तथा नगद भुगतान भी किया। साथ ही उन्होंने उनके नवाचार और पर्यावरण संरक्षण की इस पहल की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी बड़ी संख्या में बीज राखियां खरीदकर महिलाओं के प्रयासों को प्रोत्साहित किया।

जिले के सभी सातों विकासखंडों में स्व सहायता समूहों की महिलाएं बरबट्टी, मक्का, लौकी, करेला, सेमी, कुम्हड़ा, ग्वारफली, भिंडी, उड़द, मसूर, मूंगफली, धान एवं अन्य स्थानीय बीजों तथा अनाज से आकर्षक राखियां तैयार कर रही हैं। फेवीकॉल, रंग, स्टीकर और धागे की सहायता से बनाई गई इन राखियों की विशेषता यह है कि उपयोग के बाद इन्हें मिट्टी में दबाने पर इनमें लगे बीज अंकुरित होकर पौधे का रूप ले सकते हैं। इस प्रकार ये राखियां केवल भाई बहन के अटूट स्नेह का प्रतीक नहीं हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संदेश भी देती हैं। कम लागत, आकर्षक डिजाइन और पर्यावरण के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण इन बीज राखियों की मांग लगातार बढ़ रही है।



महिलाओं के स्टॉल पहुंचे कलेक्टर।

### धान, भुट्टा, सेमी, करेला और बरबट्टी के बीजों से हुआ तैयार

धरमजयगढ़ ब्लॉक के कोयलार की जय ठाकुर देव स्व सहायता समूह की सदस्य एवं बिहान में वीसी सखी के रुप में कार्यरत श्रीमती गणपति राठिया ने धान, भुट्टा, सेमी, करेला और बरबट्टी के बीजों से आकर्षक बीज राखियां तैयार की हैं। उनकी यह पहल अन्य समूहों के लिए भी प्रेरणा बन रही है। इसी प्रकार रायगढ़ ब्लॉक के बैसपाली नंदेली सीएलएफ जुनवानी ग्राम संगठन, लोइंग क्लस्टर, गोपालपुर एवं संबलपुरी सीएलएफ, लैलूंगा, तमनार के लिबरा गांव की जननी स्व सहायता समूह, घरघोड़ा के बड़ेगुमड़ा की गायत्री स्व सहायता समूह तथा पुसौर के पुटकापुरी क्लस्टर सहित जिलेभर की महिलाएं पूरे उत्साह के साथ पर्यावरण मित्र बीज राखियां तैयार कर रही हैं। गांव-गांव में आयोजित समूह बैठकों में भी इस अभियान को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

# जांच से बचने सीएमओ ने रखी सामान्य सभा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

नपं सीएमओ ने जांच से बचने सामान्य सभा की बैठक रख दी। खास बात यह है कि इस बैठक की जानकारी पार्षदों के देने के बजाए तहसीलदार को दिया। जबकि परिषद की बैठक पार्षदों के साथ ही होती है। पार्षदों ने इसकी शिकायत कलेक्टर से की है। नगर पंचायत बिलाईगढ़ के सीएमओ सुशील कुमार चौधरी एक और गंभीर विवाद में घिर गए हैं। नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों के पार्षदों ने एकजुट होकर सीएमओ पर जांच को प्रभावित करने और षड्यंत्र पूर्वक सामान्य सभा की बैठक बुलाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पार्षदों ने कलेक्टर को एक शिकायत किया है।

पार्षदों द्वारा सौंपे गए पत्र के अनुसार, नपं बिलाईगढ़ में अनियमितताओं की जांच के लिए कलेक्टर द्वारा एक जांच दल का गठन किया गया था। इस जांच दल ने दस्तावेजों और मामलों की पड़ताल के लिए 20 जुलाई की तिथि निर्धारित की थी। आरोप है कि इस आधिकारिक जांच से बचने और इसे बाधित करने के लिए सीएमओ ने एक उसी दिन परिषद की सामान्य सभा की बैठक रख दी।




### दस्तावेज छिपाने का आरोप

पार्षदों ने बताया कि जब कलेक्टर द्वारा गठित जांच दल ने कार्यालय से जरूरी दस्तावेज मांगे, तो उन्हें कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराया गया। यह बहाना बनाया गया कि कार्यालय में कार्यवाही पंजी ही मौजूद नहीं है। पार्षदों का कहना है कि जब आधिकारिक रिकॉर्ड ही गायब है, तो ऐसे में बैठक की सूचना जारी करना सीधे तौर पर एक सुनियोजित षड्यंत्र है। सीएमओ की इस कार्यप्रणाली से नाराज होकर वार्ड क्र. 03, 05, 07, 08, 09, 10, 12, 13, 14 और 15 सहित कई वार्डों के पार्षदों जिनमें धनीराम, कीर्ति राजेश्वर शर्मा, कन्हैया खुंटे व अन्य शामिल हैं ने हस्ताक्षर कर कलेक्टर से गुहार लगाई है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत मूल्यांकन पूर्ण



- राष्ट्रीय स्तर के मूल्यांकनकर्ताओं ने 12 विभागों की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

रायगढ़। राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक एनक्यूएएस के तहत दो दिवसीय राष्ट्रीय मूल्यांकन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा निर्धारित राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप यह मूल्यांकन 17 एवं 18 जुलाई को राष्ट्रीय स्तर से आए मूल्यांकनकर्ताओं डॉ. राजेश सिंह एवं डॉ. विवेक भारती द्वारा किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य केन्द्र के 12 विभिन्न विभागों की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया गया। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के अंतर्गत स्वास्थ्य संस्थाओं में संक्रमण नियंत्रण, मरीजों की सुरक्षा, दवाओं एवं उपकरणों की उपलब्धता, स्वच्छता व्यवस्था, अपशिष्ट प्रबंधन, रिकॉर्ड संधारण एवं मरीजों की संतुष्टि सहित स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का व्यापक मूल्यांकन किया जाता है। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा का यह राष्ट्रीय मूल्यांकन रायगढ़ शहर एवं आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। राष्ट्रीय स्तर के मानकों पर संस्था के खरा उतरने से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में और अधिक सुधार आएगा।

# ग्रामीण पशुपालकों की आय बढ़ाने पर जोर

जशपुरनगर। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत जिले में पशु सखियों के लिए वैज्ञानिक पशुपालन प्रशिक्षण का अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को कुनकुरी जनपद पंचायत परिसर में पशु सखियों के लिए एक दिवसीय वैज्ञानिक पशुपालन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यक्रम प्रबंधक (आजीविका), छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला जशपुर के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में पशुपालन विभाग के अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने तकनीकी सत्रों के माध्यम से पशु सखियों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक पशुपालन की व्यवहारिक एवं तकनीकी जानकारी प्रदान की।

- कुनकुरी में आयोजित प्रशिक्षण में आधुनिक पशुपालन तकनीकों की दी गई जानकारी

प्रशिक्षण का उद्देश्य पशु सखियों को ग्राम स्तर पर दक्ष सामुदायिक संसाधन व्यक्ति के रूप में तैयार करना है, ताकि वे ग्रामीण पशुपालकों को वैज्ञानिक पशुपालन की नवीन तकनीकों से जोड़ते हुए पशुधन की उत्पादकता बढ़ाने और उनकी आय में वृद्धि करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। विशेषज्ञों ने बताया कि वैज्ञानिक पद्धति अपनाकर बकरी पालन एवं मुर्गी पालन को ग्रामीण परिवारों के लिए आय का सशक्त और टिकाऊ माध्यम बनाया जा सकता है। उन्होंने पशु सखियों से कहा कि वे अपने-अपने गांवों में पशुपालकों को आधुनिक तकनीकों के प्रति जागरूक करें और उन्हें बेहतर पशुपालन के लिए प्रेरित करें। प्रशिक्षण के दौरान पशुओं के रोगों की समय पर पहचान, नियमित टीकाकरण, कृमिनाशन, संतुलित एवं पौष्टिक आहार प्रबंधन, हरे चारे का उत्पादन, स्वच्छ पशु आवास, नस्ल सुधार, गर्भित एवं नवजात पशुओं की देखभाल, उत्पादन क्षमता बढ़ाने तथा रोगों की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही पशु सखियों को पशुपालन आधारित उद्यमिता, व्यवसाय योजना तैयार करने तथा सीमित संसाधनों के साथ बकरी एवं मुर्गी पालन को लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित करने के संबंध में भी प्रशिक्षण दिया गया।




### प्रशिक्षण सामग्री का किया गया वितरण

कार्यक्रम के दौरान सभी पशु सखियों को वैज्ञानिक बकरी पालन प्रशिक्षण मार्गदर्शिका एवं वार्षिक पशुपालन कैलेंडर वितरित किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि यह कैलेंडर पशुपालकों के लिए पूरे वर्ष किए जाने वाले आवश्यक कार्यों का व्यवहारिक मार्गदर्शक है, जिससे समय पर टीकाकरण, कृमिनाशन, आहार प्रबंधन एवं अन्य गतिविधियों का बेहतर क्रियान्वयन किया जा सके।

### सभी विकासखंडों में जारी रहेगा प्रशिक्षण अभियान

ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत जिले के सभी आठ विकासखंडों में चरणबद्ध तरीके से वैज्ञानिक पशुपालन प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य पशु सखियों की क्षमता विकसित कर उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन आधारित आजीविका को बढ़ावा देने के लिए सक्षम बनाना है। विभाग का मानना है कि इस पहल से वैज्ञानिक पशुपालन को बढ़ावा मिलेगा, पशुधन की उत्पादकता बढ़ेगी और ग्रामीण परिवारों की आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित होगी।

# जिले में 2 लाख 72 हजार साजा-अर्जुना पौधों का रोपण शुरू

**जशपुरनगर।** विकासखण्ड फरसाबहार, दुलदुला, पत्थलगांव और कुनकुरी में वर्ष 2026-27 में मनरेगा की विकसित भारत जी राम जी योजना अंतर्गत बड़े पैमाने पर पौधरोपण कार्य शुरू किया गया है।

जिला प्रशासन द्वारा 19 स्थलों पर 66.5 हेक्टेयर भूमि में साजा और अर्जुना के पौधों का पौधरोपण स्वीकृत किया गया है। प्रत्येक स्थल पर लगभग 14,350 पौधों के हिसाब से कुल '2 लाख 72 हजार 650 पौधों' की नर्सरी तैयार कर रोपण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और स्थानीय लोगों की आजीविका बढ़ाना है। साजा और अर्जुना के पौधे कोसा कीट पालन के लिए सबसे उपयुक्त माने जाते हैं। इन पौधों के बड़े होने पर आदिवासी और किसान परिवार प्राकृतिक कोसा उत्पादन से स्थायी और अच्छी आय अर्जित कर सकेंगे। मनरेगा जॉब कार्ड धारक परिवारों को इस कार्य से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। रेशम विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन में पौधों की देखभाल और रखरखाव किया जा रहा है। साथ ही स्थानीय मजदूरों को पौधों की चौकीदारी के लिए भी रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि यह पहल ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगी। अर्जुन के पौधे बड़े होकर कोसा उत्पादन का मुख्य केंद्र बनेंगे, जिससे ग्रामीणों का पलायन रुकेगा और वे कृषि आधारित उद्योगों से जुड़ सकेंगे।



### 2 लाख की कॉपर प्लेट चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**अकलतरा।** जेएसडब्ल्यू प्लांट से 2 लाख के कॉपर प्लेट चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में पुलिस से ि मली जानकारी के अनुसार अकलतरा क्षेत्र के जेएसडब्ल्यू तरौद, अकलतरा में कार्यरत सुरक्षा अधिकारी अखिलेश राय ने थाना अकलतरा में रिपोर्ट दर्ज कराया था, कि पेट्रोलिंग के दौरान प्लांट परिसर में कुछ लोग संदिग्ध परिस्थितियों में सामान निकालते दिखाई दिए। सुरक्षा टीम के पहुंचते ही तीन-चार व्यक्ति भागने लगे, जिनमें से एक को मौके पर पकड़ लिया गया। इस दौरान पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम जलेश्वर प्रसाद केवट उम्र 30 वर्ष निवासी बनाहिल, थाना अकलतरा जेएसडब्ल्यू में इलेक्ट्रिशियन के रूप में कार्यरत है।

# सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान का जिले में संयुक्त कार्यशाला

**रायगढ़।** जिले में सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन प्रारंभ हो गया है। अभियान के सफल संचालन के लिए आज जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे ने जिला पंचायत सभाकक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी जनपद पंचायतों, ग्राम पंचायतों एवं विभिन्न विभागों के जिला एवं मैदानी अधिकारियों की प्रशिक्षण सह कार्यशाला लेकर अभियान के उद्देश्यों, कार्यप्रणाली एवं आगामी कार्ययोजना का विस्तार से जानकारी दी।

अभियान के लिए अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी महेश पटेल को जिला स्तरीय सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त कर आज की सम्पूर्ण कार्यशाला की जिम्मेदारी दी थी। प्रशिक्षण सह कार्यशाला में सरपंच, उपसरपंच, पंच, पंचायत सचिव, पटवारी, प्रधान पाठक, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला पर्यवेक्षक, मितानिन, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, तकनीकी सहायक, किसान मित्र, हैंडपंप मैकेनिक, व्हीएलई, राशन दुकान संचालक, ग्राम संगठन के पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के मैदानी अमले को अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे ने बताया कि सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत संतृप्तिकरण सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक पात्र हितग्राही तक योजनाओं का त्वरित एवं प्रभावी लाभ पहुंचाना है। अभियान के अंतर्गत जिले के सभी ग्रामों में शासन की 31 व्यक्तिमूलक योजनाओं का सघन सर्वेक्षण एवं संतृप्तिकरण किया जाएगा, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं मैदानी कर्मचारियों से समन्वित रूप से कार्य करते हुए अभियान को जन-जन तक पहुंचाने तथा निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। सीईओ ने कहा कि अभियान केवल योजनाओं के क्रियान्वयन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पात्र हितग्राहियों की पहचान, लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण तथा योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।



## पृष्ठ 1 का शेष

### कादो लेटा पर्व ...

और श्रद्धा के साथ निभाई गई। खेतों में धान की रोपाई शुरू करने से पहले किसानों ने प्रकृति, जल, धरती और ग्राम देवताओं का आशीर्वाद लेने के लिए सामूहिक पूजा-अर्चना की। ग्रामीणों के अनुसार यह परंपरा पूर्वजों के समय से चली आ रही है। दोनों पंचायतों का एक ही बैगा (ग्राम पुजारी) वर्षों से इस पूजा का विधान संपन्न कराता है। इस बार भी गांव के बैगा गजेंद्र राम ने पूरे वैदिक एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा संपन्न कराई। सुबह से ही बोडोकछार, रायकेरा और रामसागर गांव की महिलाएं अपने-अपने घरों से पूजा का लोटा लेकर बैलजोरा नदी पहुंचीं। यहां बैगा ने जल, धरती और प्रकृति की पूजा कराई। इसके बाद महिलाएं नदी से पवित्र जल भरकर लगभग दो किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए हनुमान मंदिर रायकेरा और गोंड बस्ती स्थित हनुमान मंदिर पहुंचीं, जहां पीपल वृक्ष का जलाभिषेक कर भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की गई।

### नीट पेपर लीक:...

प्रदर्शन करते हुए शिक्षा व्यवस्था और लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला करने का आरोप लगाया। जशपुर में आयोजित प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमित महतो, सतीश गुप्ता, प्रदेश सचिव हीरू राम निकुंज, जिला महामंत्री मनमोहन भगत, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्यारी कुजूर, रमा ताम्रकार, सहस्त्रांशु पाठक, सन्नी गुप्ता, रमीज खान, भोलू खान, संजय भगत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।कांसाबेल में रवि शर्मा, हंसराज अग्रवाल, रणजीत यादव एवं अजीत साय ने आंदोलन का नेतृत्व किया।बगीचा में जिला महामंत्री बबलू पांडे, इमरान हसन एवं भारती सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए। कुनकुरी में जिला उपाध्यक्ष एम. इलियास, ताहिर अली, जिला महामंत्री महेश त्रिपाठी, मनोज सागर यादव, कुनकुरी प्रभारी एवं जिला महामंत्री परमेश्वर भगत, जिला सचिव सरवर अली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया।

### अलग अलग मामले ...

गौ वंशों को बरामद किया गया। मामले में पुलिस ने जगन्नाथ खड़यि उम्र 41 वर्ष, निवासी ग्राम चांपा डांड, थाना कुरडेग जिला सिमडेगा झारखंड, गणेश राणा उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम चांपा डांड, थाना कुरडेग जिला सिमडेगा झारखंड, रमेश बेहरा उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम चांपा डांड, थाना कुरडेग जिला सिमडेगा झारखंड, कहरु बेहरा उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम चांपा डांड, थाना कुरडेग जिला सिमडेगा झारखंड, मनोरंजन बेहरा उम्र 51 वर्ष निवासी ग्राम चांपा डांड, थाना कुरडेग जिला सिमडेगा झारखंड, मोहन यादव उम्र 33 वर्ष निवासी गहिरा दोहर चौकी दोकड़ा जिला जशपुर छ ग, मगदुम खान उम्र 25 वर्ष निवासी उलूडीह तलसरा, जिला सुंदरगढ़, ओडिशा को गिरफ्तार किया है।पुलिस के द्वारा उनके पास से गौ वंशों से संबंधित वैध दस्तावेज की मांग करने पर उनके द्वारा कोई वैध दस्तावेज नहीं दिया जा सका, जिस पर पुलिस के द्वारा सभी 7 आरोपियों के विरुद्ध थाना तपकरा में छ ग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया पूछताछ पर सभी आरोपियों के द्वारा अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त सबूत पाए जाने पर उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। 21 जुलाई की प्रातः करीबन 7.30 बजे चौकी मनोरा पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम इंदा घाट जंगल के पगडंडी रास्ते में पैदल हांक कर ले जा रहे 9 नग गौ वंशों व 7 नग भैंस को तस्करों से मुक्त कराया गया है, आरोपी तस्कर पुलिस को देखकर जंगल का फायदा उठाते हुए फरार हो गए, पुलिस के द्वारा उनकी पता साजी की जा रही है, जिन्हें भी शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले में आरोपी गौ तस्करों के विरुद्ध चौकी मनोरा में छ ग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,01 अक्टूबर,
19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411